>

Title: Regarding reported resolution passed by National Assembly of Pakistan condemning India for hanging Afzal Guru.

**श्री यशवंत सिन्हा (हज़ारीबाग):** मैडम, हमारे देश और इस संसद के ऊपर एक बार फिर हमला हुआ। इस बार का हमला पाकिस्तान की नैशनल असेम्बली की तरफ से हुआ है। ...(व्यवधान) क्योंकि कल जब इस नैशनल असेम्बली के कार्यकाल के मात्र दो दिन बचे थे, तब उन्होंने अपनी नैशनल असेम्बली में एक प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया है, जिसमें उन्होंने भारत की घोर भर्त्सना की है। जम्मू-कश्मीर जो हमारे देश का अभिन्न अंग है, उसे उन्होंने फिर हथियाने के लिए इस प्रस्ताव के माध्यम से कोशिश की है और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से आग्रह किया है कि वह इसमें उनकी मदद करे।

मैं आपसे और आपके माध्यम से सारे सदन से करबद्ध प्रार्थना करता हूं कि यह सदन भी एक प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित करे, जिसमें पाकिस्तान को उसका जवाब मिले।

**अध्यक्ष महोदया :** श्री शिवराम गौडा जी अपने आपको श्री यशवंत सिन्हा जी के विषय के साथ सम्बद्ध करते हैं।

THE MINISTER OF URBAN DEVELOPMENT AND MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI KAMAL NATH): Madam Speaker, this is a matter concerning the nation's sovereignty and integrity and all of us are deeply concerned with the Resolution passed by the Pakistan Parliament. Hence, I request that the Speaker may consider moving a Resolution from the Chair on behalf of the whole House.

---